महोदय, एक और महत्वपूर्ण बिन्दु है। जैसे हम देखते हैं कि कई विश्वविद्यालयों के द्वारा affiliated management institutions होते हैं। मैं मुम्बई से आता हूं and there is a Jamnalal Bajaj Institute of Management Studies. It is a very renowned management institution. But, unfortunately, the management of the Jamnalal Bajaj Institute is in shambles. यह कौन सी विडम्बना है? हम जो प्रबंधन विज्ञान के इतने बड़े-बड़े संस्थान चलाते हैं, उन संस्थानों का, उन विश्वविद्यालयों का जो प्रबंधन है, वह बहुत ही शोचनीय स्थिति में है, बहुत ही दुखद स्थिति में है। इसलिए यह जो विश्वविद्यालयों के प्रबंधन की बात आती है, तो कई बार मुझे लगता है कि कॉलेजेज़ में, स्कूल्स में, यूनिवर्सिटीज़ में जो non-teaching staff होता है, शायद हमने मान लिया कि वह non-learning staff है। ऐसा नहीं है, जो उनको भी तो पढ़ाओ, उनकी भी तो क्षमता का विकास करो। क्यों न ऐसे नये विश्वविद्यालयों में हम business administration का, management का एक degree course चलायें, जो school administration की बात करे, जो college administration की बात करे और जो university administration की बात करे। वर्षों से लोग काम कर रहे हैं, लेकिन उनको roster तैयार करना नहीं आता, वर्षों से लोग काम कर रहे हैं, लेकिन उनको pay sheet बनाना नहीं आता। मैं मानता हूं कि इस अवस्था में अगर किसी का दायित्व है, तो हम सब का है। इसमें सुधारों की जरूरत है, नयी सोच की आवश्यकता है।

वाइस चांसलर्स की भी यही स्थिति है। अच्छे विद्वान व्यक्ति वाइस चांसलर्स होते हैं। यह बड़े ही सम्मान की बात है। मैं शीश झुकाकर उनको नमन करूंगा, मगर एडमिनिस्ट्रेशन के साथ उनका तनिक सम्बन्ध नहीं होता। इसलिए इतना विद्वान व्यक्ति अब कुलगुरु हो जाता है, कुलपति हो जाता है, तो प्रबंधन विज्ञान के साथ उसका कोई परिचय न होने के कारण उसकी विद्वता एक जगह और प्रबंधन की स्थिति दूसरी जगह हो जाती है। मैं मानता हूं कि इसके बारे में वाइस चांसलर्स की भी एक structured training होने की जरूरत है। इसके चलते हमारी यूनिवर्सिटीज़ का जो संस्थात्मक मूल्य है, उसको बढ़ाने की दिशा में हम काम कर पायेंगे।

महोदय, मैं दो अन्तिम बिन्दु कह कर अपनी बात को विराम दूंगा। हम देखते हैं कि इस सरकार ने कई जगह एक स्पर्धात्मक दृष्टि का बहाव लाया है। Districts को compete करने के लिए कहा जाता है, उसके आधार पर "स्वच्छ भारत" के बारे में शहरों का चयन होता है। क्यों न हम यूनिवर्सिटीज़ के अन्दर भी एक स्वस्थ और प्रगतिशील तरीके की competitive spirit का निर्माण करें। इतनी सारी सेंट्रल यूनिवर्सिटीज़ हैं, why can' t the Government declare the best Central University every year, the best Vice-Chancellor every year and the best Teaching Department every year? ऐसा कुछ करोगे, तो वहां कुछ जान आयेगी, नहीं तो पगार

[डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे]

7.00 P.M.

तो एक जगह से आती ही है, छात्र पढ़ें या न पढ़ें, बैठें या न बैठें, काम तो वैसे ही चल रहा है। मैं मानता हूं कि यह जो यथास्थितिवाद है, यह जो status-quoism है, इसको हमें और हिलाना होगा, इसको समाप्त करना होगा। नया भारत कुछेक नयी सोच की उम्मीद रखता है। मैं मानता हूं कि यह जो नया विश्वविद्यालय बनने जा रहा है, वह कहीं भी बने, चाहे आंध्र प्रदेश में बने या देश में अन्य कहीं बने, इस नयी सोच का परिष्करण करने के लिए सामने आये।

मैं अब अन्तिम बात कहूंगा। हमारे इस समय के बजट में विदेशी छात्रों के बारे में एक बात कही गयी है कि अच्छी संख्या में विदेशी छात्र हमारे देश में आये। महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं, आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूं कि पूरे विश्व में भारत 26वां destination country है। हम 26वें क्रमांक में आते हैं, जहां विदेशों से हमारे देश में छात्र आते हैं और अगर source country का हिसाब लगायें, तो India is the third source country, जहां से विदेशों में छात्र पढ़ने के लिए जाते हैं। क्या इस अवस्था के बारे में हमें सोचना नहीं चाहिए? यह जो 26वां नम्बर है, हम कम-से-कम 10वें नम्बर पर या 15वें नम्बर पर आयें, इसके लिए हम सब को मिकर कोशिश करनी पड़ेगी। इस बात का कोई आंकड़ा मेरे ख्याल से आधिकारिक तौर पर नहीं आता, मगर मेरी जानकारी है कि आज हमारे देश में एक लाख से भी अधिक विदेशी छात्र पढ़ने के लिए आते हैं। मगर आज तक इनका कोई सर्वेक्षण नहीं हुआ है कि वे किस पद्धति से सोचते हैं। अफगानिस्तान से हमारे यहां छात्र आते हैं। वे कई बार शादीशुदा होते हैं। उनकी एक रचना होती है। मतलब उनके लिए जरूरी होता है कि यहां पर उन्हें कोई घर मिले, अच्छी पद्धति की रचना मिले, hostels मिलें।

इन सब चीज़ों पर कौन ध्यान देगा? मैं बताना चाहता हूं कि पड़ोसी देशों में हमारे देश से पढ़कर गए हुए कितने छात्र ऐसे हैं, जिनमें से कोई आज बंगला देश का प्राइम मिनिस्टर है, कोई नेपाल में किसी महत्वपूर्ण पद पर बैठा है, कोई अफगानिस्तान का Foreign Minister है। यह हमारे लिए बड़े गर्व का विषय है, जो हमारी soft power है। इस दृष्टि से भी, नए विश्वविद्यालयों के बारे में सोचते समय इसे ध्यान में रखना चाहिए।

महोदय, तक्षशिला और नालंदा विश्वविद्यालयों की बातें हमने कहीं। ह्वेनसांग और फाह्यान इस देश में आए, उनकी कहानियां भी हमने इतिहास में पढ़ीं। आज से 100 साल बाद, यदि कोई हमारा इतिहास पढ़े, उसे बताने लायक हमारे यहां विश्वविद्यालय होने चाहिए, वैसे छात्र यहां आने चाहिए। मैं मानता हूं कि इस दिशा में कुछ सार्थक कदम नई शिक्षा-नीति में उठाए गए हैं, जिसे लेकर पूरे देश में चर्चा चल रही है। मैं सरकार को बधाई देता चाहूंगा कि नई शिक्षा-नीति, इतने लम्बे अंतराल के बाद भले ही आई है, मगर सरकार ने एक political will दिखाते हुए, नई शिक्षा नीति को उजागर किया है। उसे अमल में लाने के लिए, पूरी ताकत जुटाते हुए, देश में एक नया मन्वंतर हो, इसकी चिन्ता हम करें, नए भारत के अनुरूप, नई विश्वविद्यालयीन व्यवस्था का

शिलान्यास करें, इन्हीं शब्दों के साथ सदन में प्रस्तुत बिल का समर्थन करते हुए मैं अपनी बात को विराम देता हूं, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you. The next speaker is Shri Kanakamedala Ravindra Kumar. You have three minutes.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR (Andhra Pradesh): Sir, this is an issue related to our State. I thank you for giving me this opportunity to participate in the discussion. The Bill is meant for formation of a Central University and a Central Tribal University in Andhra Pradesh. Section 3C and Section 3D respectively have to be included by amending the Act. In fact, a Central University has already been functioning under temporary sheds. No permanent faculty is there. Guest faculty are there. There are no permanent structures. Now, it has been running with a few students without any infrastructural facilities.

Sir, as far as Tribal University is concerned, the hon. HRD Minister has given a reply to a Starred Question before this House on 11th. The Union Cabinet has already approved the proposal of establishment of a Central Tribal University in the State of Andhra Pradesh with the provision of funds of ₹ 420 crores for meeting the first phase expenditure towards establishment of Central Tribal University. Already, the AP Re-organization Act was enacted in the year 2014. More than five-and-a-half years have completed. I am thankful to the hon. HRD Minister for introducing this Bill, at least, now before this House. The only pity is that only ₹ 18 crores have been released for this purpose. The total expenditure is ₹ 950 crores. How many years would it take to construct permanent buildings and infrastructural arrangements? Likewise, there are eleven educational institutions as per the 13th Schedule of the A.P. Re-organization Act. It is not the mercy of any other. By virtue of the division, the Andhra Pradesh has sustained huge loss and the A.P. Re-organization Act has mandated a provision to constitute Central institutes. A total of more than ₹ 13,500 crores have to be released for that purpose. About ₹ 638 crores have been released. Remaining more than ₹ 12,900 crores have to be released for establishment of institutes specified under Thirteenth Schedule. If that is so, how many long years will it take? So, merely introduction of a Bill is not sufficient. Therefore, through you, I would request the hon. Minister to take care of all educational institutions under Thirteenth Schedule of A.P. Re-organization Act, to sanction the required funds and also to see that buildings are constructed. The Andhra Pradesh Government has already allocated ₹ 525 acres in Relli Village in Vizianagaram District long back. A compound wall has also been constructed. No steps have been taken so far. So, the dreams of the Andhra people did not come to reality

[Shri Kanakamedala Ravindra Kumar]

till now even after six years. I request the hon. Minister to take a special care with regard to not only Tribal University and Central University but also the other educational institutions as per the Andhra Pradesh Reorganization Act.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please conclude. Your time is up.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, I would like to mention one more issue. There is another village. Now, the present Government wants us shift the present university from one place to another place. I do not know the particulars of that. But, the Selection Committee has already inspected and it has already got approval. I would request the hon. Minister to take steps to construct the University at Relli Village of Vizianagaram District which was already approved by it. Thank you, Sir.

श्री प्रदीप टम्टा (उत्तराखंड): महोदय, मुझे आपने इस बिल पर बोलने की अनुमति दी, मैं आपका आभारी हूं। मैं इस बिल के समर्थन में हूं, यह पुराना commitment है Andhra Pradesh Reorganization Act के अनुसार, लेकिन मैं अपनी कुछ बातें इस पर जरूर कहना चाहूंगा। इस बिल की प्रस्तावना में जो मूल उद्देश्य बताया गया है, वह इस प्रकार से है, "भारत की जनजातीय जनसंख्या के लिए प्राथमिक रूप से उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान सुविधाओं के अवसर प्रदान करने के लिए, आंध्र प्रदेश राज्य में एक जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी", बाकी है कला, संस्कृति और रुढ़ियों... लेकिन इस बिल का चरित्र कहीं यह नहीं बताता है कि किस तरह से देश के और आंध्र प्रदेश के जनजातीय लोगों को वहां समायोजित किया जाएगा? उसमें प्रवेश के लिए जो admission का structure है, क्या वह जो मान्य केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का है, वही रहेगा? जो फैकल्टी का स्ट्रक्चर है, क्या वह वही रहेगा? अगर कोई बुनियादी अंतर नहीं है, तो ट्राइबल विश्वविद्यालय और अन्य विश्वविद्यालयों में क्या अंतर है? आप जो घोषित लक्ष्य लेकर आए हैं कि भारत की जनजातीय जनसंख्या के लिए प्राथमिक रूप से उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान सुविधाओं के अवसर प्रदान करने के लिए... यह character, यह उद्देश्य इस बिल में कहीं परिलक्षित नहीं है, इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि आपने अपने इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए इस विश्वविद्यालय एक्ट में किस तरह के नियम बनाए हैं, जिससे इसका चरित्र देश के जनजातीय लोगों को पूरी तरह से दिखे? अगर अन्य विश्वविद्यालयों का जो character है, वही character इसका भी रहेगा, तो हम इसको ट्राइबल यूनिवर्सिटी किस रूप में कह पाएंगे? इसके दो उद्देश्य हैं, पहला उद्देश्य यह है कि ट्राइबल्स के कल्चर का अनुसंधान करना एवं उनसे संबंधित तमाम चीज़ों पर रिसर्च करना और एक पुराना उद्देश्य है कि ट्राइबल लोगों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अवसर प्रदान करना, आप इस प्रथम उद्देश्य को कैसे पूरा करेंगे?

आप केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के एक छोटे-से सूत्र में परिवर्तन के लिए आए हैं, लेकिन आज जिस तरह से देश और दुनिया बढ़ रही है, देश की सरकार कह रही है कि

हम दुनिया के लोगों को भी अब इस देश में हायर शिक्षा के लिए लाएंगे, इसके लिए पूरे केन्द्रीय विश्वविद्यालय एक्ट में, हमारे concept में बदलाव की जरूरत है। आज सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जो केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं, उनमें faculties पूरी नहीं हैं, सभी जगह लगभग 60 परसेंट faculties ही भरी हुई हैं। एक तरफ तो आप ट्राइबल्स को उच्च शिक्षा में अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ट्राइबल विश्वविद्यालय से संबंधित बिल लेकर आए हैं, लेकिन दूसरी तरफ आज देश में जो विश्वविद्यालय हैं, उनमें एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकांश पद खाली पड़े हुए हैं, जिसके बारे में आप खुद जानते हैं। मैं तीन-चार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के आंकड़े देना चाहता हूं। यह हमारे पास उसका प्रिंट है, उसके सोर्स में मैं बता रहा हूं कि विश्वविद्यालयों की faculty positions में एससी, एसटी की क्या हालत है। सर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 98.36 परसेंट पोस्ट्स खाली हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी में 93.1 परसेंट पोस्ट्स खाली हैं। ये अपर पोस्ट्स हैं। हैदराबाद यूनिवर्सिटी में 75 परसेंट पोस्ट्स खाली हैं। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में 74 परसेंट पोस्ट्स खाली हैं। हमें इस संदर्भ में भी सोचने की जरूरत है। आज यह देश का सबसे वंचित समुदाय है। आज एससी, एसटी, ओबीसी की क्या स्थिति है? सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में एससी छात्रों की संख्या साढ़े बाहर परसेंट है। एसटी छात्रों की संख्या साढ़े चार परसेंट हैं। ओबीसी छात्रों की संख्या 33-34 परसेंट के बीच में है। Minorities साढ़े चार-पांच परसेंट के बीच है। यह वंचित तबका कहीं न कहीं विक्टिम है। ये समाज के marginalised sections हैं। इनके enrolment को बढ़ाने के लिए हम क्या करने जा रहे हैं, इस पर भी सोचना चाहिए। जब तक इस संदर्भ में नहीं सोचेंगे, तब तक हमारा उद्देश्य पूरा नहीं होगा। सर, मैं ट्राइबल यूनिवर्सिटी के सपोर्ट में हूं। हमारे एक माननीय सांसद ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय और राज्य विश्वविद्यालय में कोई अंतर नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि केंद्रीय विश्वविद्यालय एक ब्रांड नेम है। मैं यह नहीं मानता हूं कि इनमें कोई अंतर नहं है। हम उसका अनुसरण करने की कोशिश करते हैं। आखिर हर राज्य अपने यहां एक एम्स को स्थापित करने की कोशिश क्यों कर रहा है? सर, एम्स ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में, अनुसंधान के क्षेत्र में एक मापदंड स्थापित किया है। वैसे ही केंद्रीय विश्वविद्यालयों ने भी स्थापित किया है...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): प्रदीप टम्टा जी, अब समाप्त कीजिए।

श्री प्रदीप टम्टा: सर, मैं समाप्त करता हूं। सर, लेकिन हमें राज्य के विश्वविद्यालयों की स्थिति के बारे में भी सोचना पड़ेगा। आज हायर एजुकेशन के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर का कारवां बढ़ता चला जा रहा है। इस देश के लगभग 45 परसेंट बच्चे निजी संस्थाओं में पढ़ रहे हैं, प्राइवेट कॉलेजेज़ में जा रहे हैं। वहां स्टडी मात्र मैनेजमेंट की हो रही है, जो फाइन आर्ट्स है, Social Science आदि विषयों के अध्ययन या जो नहीं है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि विश्वविद्यालय नॉलेज के पावर सेंटर्स हैं, फिर भी उनमें social science आदि का अध्ययन नहीं हो रहा है। ऐसे में आप उस क्षेत्र में निजी क्षेत्र के प्रभाव को कैसे रोकेंगे?...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): आप समाप्त करें। अभी एक और वक्ता हैं।

श्री प्रदीप टम्टा: सर, मैं समाप्त कर रहा हूं। माननीय मंत्री जी, जहां से आप आते हैं - वहां के विश्वविद्यालयों तथा - आज हमारे देश में उच्च शिक्षण संस्थाओं में faculties की कमी है, टीचर्स नहीं हैं और अभी माननीय सदस्य ने बताया कि लाइब्रेरी में पुस्तकें नहीं है। सर, पिथौरागढ़ क्षेत्र में एक आंदोलन चला है, खूबसूरत आंदोलन है, "पुस्तकें दो और टीचर्स दो"। अगर विश्वविद्यालयों और कॉलेजेज़ में पुस्तकें और लाइब्रेरी ठीक नहीं होगी, पुस्तकें आज के आधुनिक स्तर की नहीं होंगी, टीचर्स नहीं होंगे, तो बच्चे विश्वविद्यालय में क्या पढ़ेंगे?

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): धन्यवाद। अभी दूसरे स्पीकर्स भी हैं।

श्री प्रदीप टम्टा: सर, मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। मैं सिर्फ तीस सेकंड्स लूंगा। मैं माननीय शिक्षा मंत्री से अनुरोध करूंगा कि आपने एक विशेष समस्या के लिए, विशेष जनों के लिए, वंचित वर्ग के लिए ट्राइबल यूनिवर्सिटी दी है, वैसे ही हमारा जो हिमालयन क्षेत्र है, उसकी भी कुछ अलग जरूरतें हैं। जहां आप देश के विभिन्न राज्यों में भौगोलिक आधार पर विश्वविद्यालय खोल सकते हैं। जम्मू और कश्मीर में आपने जम्मू रीजन के लिए और कश्मीर रीजन के लिए दो अलग-अलग विश्वविद्यालय दिए हैं, बिहार में आपने उत्तरी बिहार और दक्षिणी बिहार में दो अलग-अलग विश्वविद्यालय दिए हैं, तो हमारे उत्तराखंड राज्य में भी कुमाऊं डिविज़न में एक अलग विश्वविद्यालय दीजिए। इसके लिए पिथौरागढ़ में आंदोलन चल रहा है, आप उस ओर भी देखें। जय हिन्द, जय भारत।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Next speaker is Shri Sushil Kumar Gupta.

श्री सुशील कुमार गुप्ता: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। आपने आंध्र प्रदेश में एक जनरल यूनिवर्सिटी और एक ट्राइबल यूनिवर्सिटी स्थापित करने के लिए क्रमश: 450 और 420 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया है। मुझे खुशी है कि आप देश में पहली ट्राइबल यूनिवर्सिटी खोलने जा रहे हैं, जिसके माध्यम से ट्राइबल पॉपुलेशन के कल्चर को जानने का अवसर प्राप्त होगा और भविष्य में आने वाले विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर होगा। परंतु मेरा आपसे निवेदन है कि जो हमारी existing universities हैं, उन्हें बेहतर तरीके से संभाला जाए।

सर, यूजीसी के अनुसार इस देश में कुल 874 यूनिवर्सिटीज़ हैं, इनमें से 47 सेंट्रल यूनिवर्सिटीज़ हैं, 391 स्टेट यूनिवर्सिटीज़ हैं, 125 deemed universities हैं और 311 प्राइवेट यूनिवर्सिटीज़ हैं। सेंट्रल यूनिवर्सिटीज़ में 17,092 टीचिंग स्टाफ है, जिनमें से teaching faculty में 35 परसेंट सीट्स खाली हैं। अगर मैं ad hoc faculties को मिलाकर बात करता हूं, तो दिल्ली यूनिवर्सिटी में 47 परसेंट सीट्स खाली हैं, जेएनयू में 34 परसेंट सीट्स खाली हैं, Haryana Central University में 76 परसेंट सीट्स खाली हैं, इलाहाबाद में 67 परसेंट, हिमाचल प्रदेश में 60 परसेंट और ओडिशा में तो हद हो गई है, वहां 88 परसेंट सीट्स खाली हैं। कुल 60 परसेंट यूनिवर्सिटीज़ के पास आधारभूत infrastructure का अभाव है। अगर हम देश के भविष्य को faculties के अभाव में, मूलभूत

ढांचे के अभाव में, लाइब्रेरीज़ के अभाव में बैठाकर रखेंगे, तो भारत के बेहतर भविष्य की कल्पना करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। कोठारी कमीशन ने वर्ष 1964 में education sector में हिन्दुस्तान में जीडीपी का 6 परसेंट देने का सुझाव दिया था। वर्ष 2014-15 में हम जीडीपी का 4-6 परसेंट खर्च करने में लगे थे, परन्तु धीरे-धीरे, घटते-घटते अब 3.4 परसेंट रह गया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि दिल्ली यूनिवर्सिटी में जो कटऑफ 99 परसेंट तक जाने लगी है, इन्फ्रास्ट्रक्चर पूरा न होने की वजह से दिल्ली के बच्चों को हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और देश के अन्य भागों में एडमिशन लेने की लिए जाना पड़ता है। मेरा एच.आर.डी. मिनिस्टर जी से निवेदन है कि आंध्र प्रदेश में यूनिवर्सिटी बनाएं, परन्तु दिल्ली के अंदर भी सीटें बढ़ाने का प्रावधान करें। आप self-finance scheme के द्वारा दिल्ली के अंदर सीटें बढ़ा सकते हैं। दिल्ली के अंदर भूमि की कमी है, दिल्ली के वर्तमान इन्फ्रास्ट्रक्चर को अधिक बढ़ाने के लिए डीडीए भूमि उपलब्ध नहीं कराती, यहां पर माननीय यूडी मिनिस्टर बैठे हुए हैं, मैं आपके माध्मम से माननीय यूडी मिनिस्टर से भी कहना चाहूंगा कि दिल्ली के स्कूलों का लैण्ड यूज़ चेंज करके उनका educational land use दिया जाए, ताकि सुबह की शिफ्ट में स्कूल चले और शाम की शिफ्ट में कॉलेज चले और दिल्ली के बच्चों को देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में न जाना पड़े, अपितु देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों के बच्चे दिल्ली के अंदर आएं और दिल्ली की शान बढ़े, हिन्दुस्तान की शान बढ़े और हिन्दुस्तान के अंदर foreign currency आ सके।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आईपी यूनिवर्सिटी, दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी और अनेक अन्य कॉलेज अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाना चाहते हैं, परन्तु डीडीए द्वारा भूमि नहीं दी जाती, जिससे यहां पर बहुत दिक्कत होती है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि दिल्ली और देश और पूरी दुनिया, जब हम विश्वविद्यालय का निर्माण करते हैं, तब उसकी तरफ देखता है। आज हिन्दुस्तान के विश्वविद्यालयों का नम्बर दुनिया में बहुत नीची category में आता है। अगर हम विश्वविद्यालयों की रैंकिंग देखते हैं, तो हमारे बच्चे भी दुनिया के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अंदर जिनकी रैंकिंग अच्छी है, वहां जाना पसन्द करते हैं, अगर हम अपनी faculty को पूरा करेंगे, ad-hoc faculty की बजाय permanent faculty देंगे, तो मेरा पूरा विश्वास है कि दुनिया के अंदर हिन्दुस्तान के विश्वविद्यालयों के बेहतर रैंकिंग होगी और हिन्दुस्तान के विश्वविद्यालयों में दुनिया के बच्चे आना पसन्द करेंगे।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): धन्यवाद, आप conclude कीजिए।

श्री सुशील कुमार गुप्ता: महोदय, मैं आपसे फिर निवेदन करना चाहता हूं कि आप जहां पर हिन्दुस्तान के विश्वविद्यालयों को सुधारने का प्रयत्न करेंगे, वहीं दिल्ली के लाखों बच्चों को प्रतिवर्ष हिन्दुस्तान के अलग-अलग कोनों में जो जाना पड़ता है, आप यहां पर भूमि उपलब्ध कराएं, ताकि यहां पर भी हायर एजुकेशन बढ़ सके, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): The next speaker is Shri Syed Nasir Hussain. Mr. Hussain, is it your maiden speech?

SHRI SYED NASIR HUSSAIN (Karnataka): No, Sir. It is not my maiden speech.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): All right. You have five minutes.

SHRI SYED NASIR HUSSAIN: Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak today. I have prepared so much that I would have needed, at least, 20-25 minutes to make all the points. Many speakers before me, including my own party colleagues, have raised many issues, and have spoken about many things which I wanted to raise. I would just like to restrict myself to two, three points, for which I think, I have three, four minutes. It is actually good to see that the Government is honouring the promise that was made to the people of Andhra Pradesh in the Andhra Pradesh Reorganization Act of 2014. It is also good to know that the present Government is not only honouring the promise that was made by the previous Government, but, at the same time, this Government is also thinking of expanding the higher education. Several points have been made by several Members here. But, I would like to refer specifically to the points made by the BJP Member from Andhra Pradesh. He was speaking so much about the achievements of the Modi Government in the last five years. I need to remind the Members in the Treasury Benches. I would like to give some data here and especially to the friend who was speaking about Modi Government and its achievement in the past five years. As of 2017-18, 1,20,769 Assistant Professors and 45,148 temporary teacher positions have not been filled. Over 2,07,000 teaching positions are vacant at all levels. This is the track record of the Government. We can speak about the new universities, we can start new universities, we can start new institutes of higher education, but if we don' t have faculty positions filled, if we don' t have new professors coming over, I think it will be a sheer waste of money and the Government should, while starting new universities, concentrate on filling up not only the positions, but also trying to attract some of the best brains from different parts of the world. We have our own people working in different universities across the world. Probably the reason here is, the kind of freedom and autonomy, which is necessary for a university functioning, is not there. That is the reason some of our best friends are still teaching abroad. Someone here was speaking about attracting students from abroad and this was also mentioned in the Budget Speech. I would like to mention it here. मुझे लगता है कि अभी-अभी महाराष्ट्र से सदस्य बात कर रहे थे। I think it is very important to note that if we need to attract students from other parts of the world, if we need to attract foreign students, if you think students studying in India have done very well, —specially he was mentioning about Nepal and other countries where they are heading Governments —they should also

understand that if we need to attract the students from different parts of the world, we should try and give an atmosphere where there is no fear, where the students can come to our country, where there is law and order, where there is no social problem, where there is no mob lynching, where there is no lack of peace and order in the country. Only then the students from different parts of the world will be attracted to India. There are many speakers who gave so much of data about how there are no professors. But I would just like to mention here that in 12 of the 40 Central Universities, 75 per cent of the professors' positions are vacant and in two universities, one Central university of Haryana and the other Central university of Odisha, 100 per cent positions of professors are vacant. If you look at the declining rate of filling the faculty positions, in 2013-14, there were 1,25,338 professors who were working. From then to 2017-18, it has come down to 1,14170. That means about 14,000 professors' vacancies are not being filled up or the number of professors has come down. If you look at the figures for associate professors, in 2013-14, it was 1,82,681 professors who were working. In 2017-18 it was 1,39,000. There is so much of data which says that in the past five to six years, not enough attention has been given to higher education, no faculty positions have been filled, rules have been violated. There is so much interference by the Government in the universities, especially Central universities. They are trying to monitor other universities. They are trying to coach a university as to what the university has to do. I think, what is needed now is not the establishment of new universities, but what is needed now is to preserve the autonomy and independence of our universities. Only when we preserve the autonomy, there can be more creativity. More creativity will only help the nation to grow. There are so many other things. I would end by informing the House that there was one important news item today. It was a good piece of news. There is one, Mr. Ramgel Meena, a security guard at JNU, a first generation learner, has passed the entrance examination for admission to BA. He was supported by the students and teachers of JNU. I think, this is how a university should be.

With these observations, I support the Bill. Thank you.

श्री राजाराम (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय, केन्द्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2019 पर बहुजन समाज पार्टी की तरफ से मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मेरी पार्टी और मेरी पार्टी की नेता बहन कुमार मायावती जी इस बिल का समर्थन करती हैं। महोदय, बहुत से विद्वान साथियों ने इस बिल पर लम्बी चर्चा की है, इसलिए मुझे इस पर बहुत कुछ नहीं कहना है। मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि दो केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना से आंध्र प्रदेश राज्य में उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान सुविधाओं का मार्ग भी सुगम और सुदृढ़ होगा। महोदय, ये जो दो केन्द्रीय विश्वविद्यालय खुलेंगे, यह जो सरकार ने फैसला किया है, वह एक अच्छा कदम

[श्री राजाराम]

है, लेकिन मैं एक-दो बातें इस संबंध में अवश्य कहना चाहूंगा कि आज सच्चाई यह है कि जिस आदिवासी के विकास की बात हो रही है, जिस आदिवासी के नाम पर Central University बनाने की बात हो रही है, एक सच्चाई यह भी है कि वह जिस गांव से आता है, उस गांव में विद्यालय होता है, लेकिन वहां पर टीचर्स ही नहीं होते। अगर आप उत्तर प्रदेश में चले जाएं तो वहां पर उन्हें शिक्षा मित्र कहा जाता है, अगर हरियाणा में चले जाएं तो guest teachers होते हैं, एमपी में चले जाएं तो अतिथि शिक्षक होते हैं - वहां से वह पढ़ाई करता है। अब आप सोचिए कि जब वह प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करता है तो उसे पढ़ाने के लिए टीचर्स नहीं होते हैं और हम पार्लियामेंट में चर्चा करते हैं कि वह इंजीनियर बनेगा, डॉक्टर बनेगा, आईएएस में आएगा, आईपीएस में आएगा। महोदय, एक सच्चाई यह भी है कि अगर सरकार की नीयत बहुत अच्छी है, सरकार को साफ नीयत के साथ अगर जनजातियों का विकास करना है, एसटीज़ का विकास करना है, आदिवासियों का विकास करना है तो उसे प्राथमिक शिक्षा के लिए भी अच्छे टीचर्स का प्रबंध और अच्छी शिक्षा की व्यवस्था करनी होगी। जब अच्छी शिक्षा की व्यवस्था होगी, तभी वे केन्द्रीय विश्वविद्यालय में जाकर उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

महोदय, इसके साथ-साथ मैं एक-दो बातें सुझाव के तौर पर कहना चाहता हूं। क्योंकि मेरा समय बहुत कम है, मैं केवल यह जानना चाहता हूं कि क्या केंद्रीय विश्वविद्यालय में जनजातियों के लिए भर्ती या दाखिले में कोटा होता है? अगर एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण देने का सरकार का इरादा है...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): अब समाप्त करें। इस पर चर्चा के लिए दो घंटे का समय था, अब दो घंटे का समय over हो चुका है।

श्री राजाराम: मैं मात्र एक मिनट और लूंगा। मैं जानना चाहता हूं कि क्या एससी, एसटी के लिए इस तरह का कोई प्लान है कि इन विश्वविद्यालयों में उनके दाखिले के लिए कोटा निर्धारित हो? इसके साथ-साथ मैं माननीय मंत्री जी से यह भी जानना चाहता हूं कि इससे आंध्र प्रदेश की कितनी एसटी की आबादी cover होगी? धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Now, Mr. Tiruchi Siva. Please restrict to your time. You have three minutes.

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Sir, the proposed amendment is to amend the Central Universities Act, 2009, to establish a Central University and a Central Tribal University in the State of Andhra Pradesh by fulfilling one of the obligations of the Andhra Pradesh Reorganisation Act.

Sir, it is to be welcomed and I support this Bill. Andhra Pradesh has so far no Central University. Sir, we assume, the Central University increases the access in quality of higher education. Many hon. Members have expressed their concern here, especially

those from Andhra Pradesh, and said that the total amount required is ₹ 870 crores. They also mentioned about the targeted time. They expressed apprehension whether it is possible to fulfill that since the amount allocated is not enough. I think, the hon. Minister will take care of it, because it should not stop with an assurance of setting up of university and creating infrastructure to impart education. My two important observations are these. A recent research has revealed –I think, it is not out of place to mention it here; it is very relevant because the hon. HRD Minister is here –that only 26 per cent of the passed-out engineering graduates are employable. So, by way of getting a degree, a person is not qualified to be employed. This is the state of affairs of our education. We are in a position to compete globally. And, of course, we aim at that. So, I would request the hon. Minister to concentrate on the quality of education, which is very important for the students. And, for that, some of the Members also raised their concerns about teachers. If the teachers are given importance only then they could impart to students what they actually need. Otherwise, we will just produce paper graduates. So, only the quality of education, if improved, will prove to be real symbol of higher education.

Now, I come to the Central Tribal University. I would like improving the knowledge and advancement of tribal art and culture by giving importance to the tribal population. It would, of course, teach other disciplines, like other Central Universities. But, I would like to know whether the admission to the Central Tribal University will be only for tribal students or for other students also. This is a very simple query. But, I wanted to know this because this university would be first of its kind. And, we welcome that. But, please clarify the ambiguity that has been created by the reasons given in the Statement of Objects and Reasons.

Third, I reiterate, in the earlier Bill passed with regard to reservation in the Central Universities, there were some exemptions to some universities with regard to reservation. My concern is, institutes of national importance and some research institutes already do not have reservation. And, there are some exceptions in the Central Universities also. I urge upon you that there has been a long history of how reservations were achieved to uplift the socially and educationally backward masses. So, I would urge upon you to kindly make reservations available in all the institutes of higher education. That would be a great gesture of giving importance to the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, and the Backward Classes.

I hope, much would come after this amendment and by way of establishing the Central University and the Central Tribal University. So, I welcome this Bill and support this. Thank you.

SHRI BINOY VISWAM (Kerala): Sir, I welcome this Bill. I also welcome both the universities. I have great hopes that these universities will function as centres of inquisitive wisdom and knowledge; as centres of secular thoughts; as centres of freedom, peace, and fraternity; as centres of social justice and social progress; and, above all, as centres that will uphold scientific tempers. With this hope, I raise my voice in support of the propositions made by my comrades with regard to naming of these universities –one in the name of Rohith Vemula, and another in the name of Makhdoom Muhyadheen, the great Urdu poet and freedom fighter. These will be very simple gestures towards our great fighters.

Sir, today, I read a study report by the UNDP and Oxford Poverty and Human Poverty Index, which may be called multi-dimensional poverty index. It says that fifty per cent tribals of India are poor; thirty-three per cent dalits and thirty-three per cent Muslims are still poor. So, that should be at the centre of any attempt by the Government when it talks about equality in this country. And, when we talk about universities, those people who are deprived of human justice should be considered with all importance. So, I hope that the new universities will take these facts into serious consideration. Sir, I have a request to the hon. Minister to take note of. For the last six months, *dalit* students and students from minority sections are not getting their scholarships entitled to them, which is, Maulana Azad National Fellowship and Rajiv Gandhi National Fellowship. All over the country, they are knocking all the doors and they are waiting unendingly. I request you to personally look into the matter and see to it that their scholarships are released immediately. Sir, in the Bill, it is said that tribal universities will contemplate on tribal-centric higher education and research, including tribal art, culture and customs. I would like to add tribal rights, which are most important. All over the country, tribal rights are being snatched away. Those who are in power, those who are rich, those who speak a lot about development are snatching away the rights of tribal people. Their land is being snatched; their culture, their art, identity, everything is being snatched away by them. So, please see that their genuine rights are upheld.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please conclude now. Your time is over.

SHRI BINOY VISWAM: With this request, Sir, I conclude. Thank you very much.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you. Now, Mr. Minister to reply.

श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक': उपासभाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत आभारी हूं कि जो एक घंटे की चर्चा थी, वह दो में पहुंची और दो के बाद तीन में पहुंच गई है। माननीय पि. भट्टाचार्य जी ने चर्चा की शुरुआत की और श्री जी.वी.एल. नरसिंहा राव जी, श्री ए. विजयकुमार जी, श्री अबीर रंजन बिस्वास जी, श्री जावेद अली खान जी, श्री प्रशांत नन्दा जी, श्रीमती कहकशां परवीन जी, डा. के. केशव राव जी, श्री के.के. रागेश जी, प्रो. मनोज कुमार झा जी, श्री स्वपन दासगुप्ता जी, श्री वि. विजयसाई रेड्डी जी, डा. हनुमंतय्या जी, डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे जी, श्री कनकमेदला रवींद्र कुमार जी, श्री प्रदीप टम्टा जी, श्री सुशील कुमार जी, श्री सैयद नासिर हुसैन जी, श्री राजाराम जी, श्री तिरुची शिवा जी और श्री बिनोय विश्वम जी ने चर्चा में भाग लिया। यह चर्चा श्री पि. भट्टाचार्य जी से शुरू हुई थी और श्री बिनोय विश्वम जी पर समाप्त हुई। श्रीमन्, मैं सभी सदस्यों का आभारी हूं। सभी सदस्यों के बहुत अच्छे विचार यहां पर आए। मुझे लगता है कि पूरे सदन को शिक्षा को लेकर काफी चिंता है। श्रीमन्, यह चिंता क्यों न हो? आखिर शिक्षा किसी व्यक्ति की, परिवार की, राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी होती है। यदि किसी के शरीर की रीढ़ की हड्डी कमजोर होगी, तो अच्छा खास शरीर बेकार हो जाता है। इसलिए हमारी सरकार ने, श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने देश को भली प्रकार से समझा। श्रीमन्, किसी परिवार को, मसाज को, राष्ट्र को परिवर्तित करना हो, तो शिक्षा उसका सबसे महत्वपूर्ण अंग है।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए*)

उपसभापति महोदय, मैं देख रहा था कि नेल्सन मंडेला जी ने कहा कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। इसलिए शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। इसलिए शिक्षा सबसे बड़ा हथियार हैं। शिक्षा आदमी को उठाती भी है और गिराती भी है। जब आदमी उठेगा, तो परिवार उठेगा, समाज उठेगा, राष्ट्र उठेगा और व्यक्ति गिरेगा, तो परिवार गिरेगा, समाज गिरेगा, राष्ट्र गिरेगा। हमारी शिक्षा व्यवस्था पहले से ही बहुत सुदृढ़ थी। पीछे के कालखंड की मैं ज्यादा चर्चा नहीं करना चाहता हूं, लेकिन यह सही है कि यह देश विश्व गुरु था, और आज हमारी सरकार आई, तो यह विश्व गुरु था, विश्व गुरु है और विश्व गुरु रहेगा। श्रीमन् इसका रास्ता शुरू हो गया है। श्रीमन्, ली ग्रीन जी को इस बात को कहा कि जितना अधिक मैं जीता हूं, उतना अधिक मैं सीखता हूं और जितना अधिक मैं सीखता हूं, उतन अधिक अहसास होता है कि मैं बहुत कम जानता हूं। श्रीमन्, जीवनपर्यन्त शिक्षा का सीखना, नई-नई जानकारियां हासिल करना और उसे अपने जीवन में उतारना स्वाभाविक है। यह भी स्वाभाविक है कि आदमी की जींवतता तभी बनी रहती है, अन्यथा वह हाड़मांस का एक ढांचा बन कर रह जाएगा।

श्रीमन्, यदि आपकी इजाज़त हो, तो मैं जितने माननीय सदस्यों ने यहां बोला है, उनके द्वारा बोले गए एक-एक बिन्दु पर मैं चर्चा करना चाहता हूं, लेकिन उसके लिए मुझे कम-से-कम दो से ढाई घंटे की जरूरत पड़ेगी। यदि यह सदन इस बात से सहमत हो, ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: हाउस की sense ले लीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक': क्योंकि बहुत सारी चीज़ें ऐसी हैं, ...**(व्यवधान)**... इसमें दो बातें हैं। जो विचार आए, उनमें से बहुत सारे ऐसे हैं, जो नए हैं और उन्हें करने की जरूरत है, लेकिन बहुत सारी बातें ऐसी भी हैं, जिन्हें गवर्नमेंट कर रही है। परन्तु मेरी चिन्ता का विषय दूसरा है, क्योंकि यह उच्च सदन है। यदि पिछले पांच वर्ष का कार्यकाल देखा जाए, तो गवर्नमेंट ने इस कालखंड में जो किया, वह शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा है। इसलिए इन पांच वर्षों में सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में जो किया है, उसकी जानकारी सभी माननीय सदस्यों को जरूरी होनी चाहिए, यह मेरा विचार है। ...**(व्यवधान)**...

डा. के. केशव राव: इस विषय पर अलग से डिबेट होनी चाहिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक': हां, जरूरी होनी चाहिए। श्रीमन्, शिक्षा पर तो खूब होनी चाहिए। ...**(व्यवधान)**...

डा. के. केशव राव: सर, आज के लिए तो let them concentrate and give reply on the Bill, facts of the Bill. हमने बिल के ऊपर जो objections किए हैं और जो suggestions दिए हैं, उनके बारे में बता दीजिए।...**(व्यवधान)**...

श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक': आप केवल बिल पर कहना चाहते हैं, तो मैं बताना चाहता हूं कि देश के इतिहास में, देश की आजादी के बाद, बहुत सारे राज्यों का पुनर्गठन हुआ, यदि इतने कम समय में एक सीमा तक शिक्षा संस्थानों की स्वीकृति और क्रियान्वयन हुआ, तो वह केवल हमारी सरकार में हुआ और कहीं नहीं हुआ।

श्रीमन्, मेरे राज्य का भी पुनर्गठन कुछ वर्ष पूर्व हुआ। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, please, Keshava Raoji. ...*(Interruptions)*... Only Hon. Minister's reply will go on record. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*... Mr. Minister, you address the Chair. ...*(Interruptions)*... Please, Keshava Raoji. ...*(Interruptions)*... You address the Chair. ...*(Interruptions)*... प्लीज़, प्लीज़। कृपया बोलने दें। मंत्री जी को बोलने दें। ...**(व्यवधान)**... आप कृपया वहां बैठकर टिप्पणी न करें। ...**(व्यवधान)**...

DR. K. KESHAVA RAO: *

उपसभापति: माननीय के. केशव राव जी, प्लीज़, प्लीज़। ...**(व्यवधान)**... आप बैठिए, मंत्री जी को बोलने दें। ...**(व्यवधान)**...

श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक': श्रीमन्, मैंने सभी माननीय सदस्यों को बहुत शांत भाव से सुना। इसलिए मैं यह अनुरोध जरूर करूंगा कि मुझे भी शांत भाव से सुना जाए। यदि किसी को कोई दिक्कत होगी, तो हम मिलते भी हैं और यहां से बाहर जाकर भी मिलेंगे। जब यह बात हो गई कि ठीक है, मैं विस्तार नहीं करूंगा और मैं उन बिन्दुओं पर न जाऊं, बल्कि केवल एक्ट पर

*Not Recorded.

आऊं, केवल विश्वविद्यालय के ऊपर ही बात करूंगा, तो मैं उसी पर तो आ रहा हूं। इसीलिए तो मैंने कहा कि इतने कम समय में, मैं आंध्र प्रदेश पुनर्गठन एक्ट, 2014 की बात कर रहा हूं और मैं भी केवल वर्ष 2014 की बात कर रहा हूं कि वर्ष 2014 के बाद, इन पांच सालों में जो हुआ, वह इतिहास में कहीं भी और कभी भी नहीं हो सका। यह बात मैं प्रमाण और तथ्यों के साथ कह सकता हूं। ...**(व्यवधान)**... श्रीमन्, मैं अभी तो सरकार के बारे में बता रहा हूं। मैं इनके बारे में भी बोल सकता हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मंत्री जी, आप कृपया सिर्फ चेयर को ही संबोधित करके अपनी बात कहें।

श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक': मैं इसलिए यह कहा हूं कि इन पांच सालों में क्या इन्हें मालूम नहीं कि IIT की स्थापना हो गई, क्या मालूम नहीं कि NIT की स्थापना की गई, क्या मालूम नहीं कि IM की स्थापना हो गई। क्या मालूम है कि ISER की स्थापना हो गई, क्या मालूम है कि IIIT की स्थापना हो गई। आज आंध्र प्रदेश का सपना पूरा हो रहा है और वहां दो विश्वविद्यालय और खोले जा रहे हैं। इसलिए मैं आंध्र प्रदेश को और उसकी जनता को बहुत बधाई देना चाहता हूं।

श्रीमन्, मैं यह कहना चाहता हूं कि इए एक्ट से संबंधित कुछ दो-तीन चिन्ताएं विशेषकर लगीं, उनके बारे में बताना चाहता हूं। एक तो कुछ लोगों के मन में यह है कि नहीं, केवल इतना ही पैसा स्वीकृत है और बाकी कब होगा और दूसरी चिन्ता कुछ लोगों ने यह दिखाई कि वह कब पूरा होगा? कुछ सदस्यों ने कहा कि अभी तो मंत्री जी ने कहा कि पहले चरण में इतना है और इसके पता नहीं कितने चरण होते हैं, कुछ सदस्यों की यह आशंका थी कि केवल 420 करोड़, या जो प्रावधान है, उसके अनुसार 485 करोड़ मिलेंगे क्या? मनोज जी अभी यहां पर नहीं हैं, उन्होंने बड़ी चिंता व्यक्त की थी कि 420 करोड़ की जगह 419 या 421 करोड़ हो जाएं। मैं कहना चाहता हूं कि हमने उनकी चिंता को पहले ही हल कर दिया है। सर, ये पचास लाख पहले ही ऐड कर दिए हैं। हमने इसको 420.50 करोड़ कर दिया है। मुझे चिंता यह हो रही थी कि उनका नंबर दसवें पर था, यदि यहीं खत्म हो जाता, तो उनको वह भी चिंता होती, लेकिन यह 20 तक गया है।

श्रीमान्, केंद्रीय विश्वविद्यालय में 420 करोड़...**(व्यवधान)**...

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले): हमने 420 करोड़ मंजूर कर दिए हैं।

श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक': सर, 902.07 करोड़...**(व्यवधान)**...

श्री रामदास अठावले: हमने यह किया है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: अठावले जी, आप कृपा करके बैठिए। आप बोलिए।

श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक': श्रीमान्, जहां तक केंद्रीय विश्वविद्यालय का विषय है, ये जो 902.07 करोड़ हैं, इसके जो प्रावधान हैं, जो स्वीकृत हैं, हम उसके पहले चरण में 450 करोड़ रुपये जारी कर रहे हैं। जो केंद्रीय जनजाति वाला विषय है, उसके लिए टोटल प्रावधान 834.83 करोड़ रुपये का है और हम इसके पहले चरण के लिए 420 करोड़ रुपये जारी कर रहे हैं। हम इस समय इस एक्ट के साथ 870 करोड़ रुपये ला रहे हैं। माननीय सदस्य की जो दूसरी चिंता थी, वह यह थी और जो आपने कहा कि पहले चरण में - सर, क्योंकि यह बिल अभी पास नहीं हुआ था, आज सबकी सहमति से यह बिल पास होगा। यह विश्वविद्यालय, जिसके लिए 1736.90 करोड़ रुपये हैं, इसके लिए यह सुनिश्चित है कि यह चार सालों में पूरा किया जाएगा। इसको चार वर्ष के अंदर-अंदर सुनिश्चित किया जाएगा। हम इसके लिए एक-एक महीने और एक-एक दिन का प्रावधान कर रहे हैं।

श्रीमन्, जो दूसरी बात विशेषकर आई, वह यह थी कि इसमें विलंब क्यों हुआ? इसके लिए मैं आपको बताना चाहता हूं कि इसमें बारी-बारी से विलंब होता है। जब हमारा "उत्तर प्रदेश पुनर्गठन एक्ट, 2000" आया था, तब मैं उत्तर प्रदेश में मंत्री था और आज, 19 वर्षों के बाद भी बहुत सारी ऐसी चीजें हैं, जिनको हम उत्तराखंड में शुरू नहीं कर पाए। यह किसी भी राज्य के लिए हो सकता है। मैंने सभी राज्यों के पुनर्गठन एक्ट को पढ़ा है और देखा है। मुझे यह भी मालूम है उसके बाद उनकी सम्पत्तियों पर कब्जा करके क्या निर्णय लिए गए। यदि आप मौका देंगे, तो मैं इसके एक-एक बिन्दु के बारे में बता दूंगा। मैंने इसलिए कहा कि देश की आज़ादी के बाद इतने कम समय के अंदर, इस सीमा तक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर को छूने वाले ये वे संस्थान हैं, जिनकी इतनी जल्दी स्वीकृति हुई है। क्या सभी लोगों को हमारी सरकार को इसके लिए बधाई नहीं देनी चाहिए? ...**(व्यवधान)**... यदि शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम हो रहा है, तो कम-से-कम शिक्षा के लिए यहां से बधाई देनी चाहिए, क्योंकि शिक्षा तो यहां से है। हां, हमारे माननीय सदस्य को तेलंगाना की चिंता है।

उन्होंने कहा कि वैसे तो मैं इन दोनों की स्वीकृति दे रहा हूं, लेकिन मैं विरोध भी कर रहा हूं, वह मेरी समझ में नहीं आया, लेकिन वह विरोध भी नहीं था, उनका थोड़ा-सा यह जरूर कहना था कि जो "तेलंगाना पुनर्गठन एक्ट, 2014" है, उसमें तेलंगाना भी एक विषय है और तेलंगाना के लिए भी एक जनजातीय विश्वविद्यालय का प्रावधान है। हमारी प्रतिबद्धता है कि हम हर हालत में, बहुत जल्दी तेलंगाना जनजातीय विश्वविद्यालय शुरू करेंगे। हम उसका रास्ता तय कर रहे हैं। हमने लगातार कोशिश की है, पर हमें जमीन नहीं मिली है। मैं इस बात को कह सकता हूं, क्योंकि मेरे पास इसका तिथि-वार आकलन है। मुझे मालूम था कि कुछ सदस्य इस बात को लेकर प्रश्न करेंगे, इसलिए मेरे पास इसका तिथि-वार एक-एक आकलन है कि हमने स्टेट गवर्नमेंट को कब और कितने पत्राचार किए। यदि एक स्थान नहीं था, तो हम दूसरे पर गए, दूसरा नहीं था तो तीसरे पर गए, तीसरा नहीं था, तो अन्य पर गए, अंततोगत्वा यह बनेगा तो जमीन पर ही, आसमान पर तो बनेगा नहीं। आप यह समझ लीजिए कि जमीन गवर्नमेंट को देनी होगी। जिस दिन तेलंगाना वाली जमीन हमारी पहुंच में हो जाएगी, उस दिन यह तेलंगाना में जल्दी से जल्दी पूरे तरीके से बन जाएगा।...**(व्यवधान)**...

श्रीमान्, बहुत सारी चीजें हैं। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि 32 वर्षों के बाद नई शिक्षा नीति आ रही है। हमारे प्रधान मंत्री जी का मानना है कि नहीं, दुनिया इतनी दूर जा रही है। अभी इस सदन में यह भी चिंता की गई, हमारे एक सदस्य, शायद राकेश जी ने इस बात को कहा। मैं इसको अलग से नहीं देख पाया, लेकिन मैं उनसे यह कहना चाहता हूं कि हम पूरी दुनिया के शिखर पर जा रहें हैं। श्रीमन्, हम 5 वर्ष पहले भविष्य की रैंकिंग में नहीं थे, लेकिन आज मुझे खुशी से इस बात से इस सदन को अवगत कराना पड़ रहा है कि हमारी IIT, Bombay; IIT, Delhi और IISc, Banglore रैंकिंग में 200 के अंदर आकर शिखर को चूम रहे हैं। इसके लिए मैं आपको बधाई देना चाहता हूं। इस समय 500 के अन्दर 9 संस्थान हैं और 1,000 के अन्दर 23 संस्थान हैं।

श्रीमन्, हमारे प्रधान मंत्री जी ने HEFA के अन्दर इनकी स्थापना को सुनिश्चित करने के लिए तमाम संस्थानों को सहायता सुनिश्चित की है और इनके लिए एक लाख करोड़ का अलग प्रावधान किया है। अभी यहां बजट के बारे में कहा जा रहा था। मैं बहुत विनम्रता से कहना चाहता हूं कि बजट कम नहीं हुआ है, आप देखिए, आपने बजट को देखा क्यों नहीं? यह 2013-14 में 66 हजार करोड़ होता था और आज यह 95 हजार करोड़ हो गया है। इसमें पिछले वर्ष से भी 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। यह कम हो रहा है या ज्यादा! इतना ही नहीं, ...**(व्यवधान)**... जो 95 हजार करोड़ है ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seats. ...*(Interruptions)*...

श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक': इसमें गत वर्ष से भी 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

श्री उपसभापति: माननीय मंत्री जी, कृपया आप चेयर को सम्बोधित करके बात करें।

श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक': श्रीमन्, जो गत वर्ष का बजट है, उससे भी 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। जो बजट के प्रावधान से नहीं जाता, जो हम HEFA के तहत दे रहे हैं, यदि मैं उस 30 हजार करोड़ को भी इसमें लगाऊंगा, तो यह 1 लाख 25 हजार करोड़ का प्रावधान है। श्रीमन्, हम सोच भी नहीं सकते, 2013-14 के बाद यह just double हो गया है। इसलिए ऐसा नहीं है कि बजट के प्रावधान में कहीं कमी आई है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस तरीके से हमारी गवर्नमेंट ने इस क्षेत्र में काम किया है, वह बहुत तेजी से हो रहा है, वह चाहे बजट का प्रावधान हो, चाहे प्रतिष्ठापूर्ण संस्थानों की स्थापना का विषय हो; जो विश्व की रैंकिंग में तेजी से दौड़ेंगे, बढ़ेंगे।

श्रीमन्, पहले तो मैं नरसिंहा राव जी और सहस्त्रबुद्धे जी को बधाई दूंगा कि उन्होंने इस बात को कहा - ' Study in India' 'भारत में जानें, समझें, आएं, भारत को देखें', इस पर बहुत तेजी से काम हो रहा है। इसमें लगभग 70 हजार लोगों का पंजीकरण हो गया है। जिस तरीके से हमारे प्रधान मंत्री जी ने पूरे विश्व में FDI के क्षेत्र में देश को नम्बर एक देश बनाया, निवेश के क्षेत्र में हमारा देश नंबर एक देश बना है, उसी तरह हम नवाचार के क्षेत्र में भी इसे पूरी दुनिया में सबसे बड़ा hub बनाएंगे। इस दिशा में काम होना शुरू हो गया है।

[श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक']

श्रीमन्, अभी शैक्षणिक गुणवत्ता और नई शिक्षा नीति की बात कही गई। इस सम्बन्ध में मेरा जरूरी अनुरोध रहेगा कि हमने नई शिक्षा नीति को लेकर पिछले 3 वर्षों में लगातार हर स्तर पर चर्चा की है। हम 1 लाख 10 हजार ग्राम समितियों तक गए हैं। चाहे विश्वविद्यालय हो, महाविद्यालय हो, शिक्षक हो, अध्यापक हो, वैज्ञानिक हो, समाज का व्यक्ति हो, छात्र हो, छात्राएं हों, यहां तक कि 10 समितियों में वैज्ञानिक से लेकर विशेषज्ञों की समिति ने उसमें योगदान दिया। श्रीमन्, हमने इस नई शिक्षा नीति का मसौदा public domain में डाला हुआ है। बहुत सारे लोगों की यह शंका है कि वह नई शिक्षा नीति क्या है और कुछ लोगों ने कहा है कि आप इसको भी डालिए, उसको भी डालिए, तो मेरा बहुत विनम्र अनुरोध होगा कि अभी वह public domain में है, मेरा सबसे बहुत विनम्रता से अनुरोध होगा कि उसको जरूर देखें, जरूर पढ़ें और जितने भी सुझाव हों, आप उसमें अपने सुझाव दें, ताकि हम उसको और सुदृढ़ बना सकें और इस राष्ट्र की नींव को और मजबूत बना सकें, जिससे हम सारे विश्व में फिर इस देश को विश्व गुरु के रूप में स्थापित कर सकें। चाहे नवोन्मेष के रूप में हो, चाहे उच्च शिक्षा आयोग बनाने की दिशा में हो, हम हर क्षेत्र में बहुत आगे चल रहे हैं।

श्रीमन्, इस बिल से सम्बन्धित विशेषकर मुझे यही कहना था कि हम जो जनजातीय विश्वविद्यालय ला रहे हैं, वह केवल उसी क्षेत्र के लिए नहीं होगा। हां, जो अभी प्रदीप भाई और बहुत सारे लोगों ने कहा कि दोनों में क्या अंतर होगा, तो इसमें बहुत साफ अंतर है कि मुख्य रूप से भारत की जनजातीय आबादी के लिए उच्च शिक्षा में अनुसंधान सुविधाओं का मार्ग प्रशस्त करने के लिए हम इसे लाए हैं। आदिवासी कला, संस्कृति, परंपरा, जनजातीय क्षेत्रों के प्राकृतिक संसाधनों से सम्बन्धित प्रौद्योगिकी में भाषा, चिकित्सा प्रणाली, सीमा शुल्क, वन आधारित आर्थिक गतिविधियां, वनस्पतियां, जीव जंतु, टेक्नोलॉजी की उन्नति, अनुसंधान, ये सभी इसमें समाहित हैं। इसलिए अन्य केन्द्रीय विश्वविद्यालय में जो चीज़ें हैं, वे सभी कुछ होने के बावजूद भी इस विश्वविद्यालय में कुछ विशेष भी होगा, यह बहुत स्पष्ट है। श्रीमन्, अभी बहुत सारे सदस्यों ने कहा कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय अलग से होने चाहिए, तो मैं उनसे कहना चाहता हूं कि केंद्रीय विश्वविद्यालय तो अलग से ही हैं, तभी तो आज और केंद्रीय विश्वविद्यालयों की मांग हो रही है। यह इस बात का प्रमाण है कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय कहीं न कहीं, किसी न किसी दिशा में पहले से ही स्थापित हैं।

श्रीमन्, अंत में मैं सभी माननीय सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करता हूं, क्योंकि सदन के सभी सदस्यों ने इस बिल के बारे में बहुत अच्छा बोला है। सभी माननीय सदस्यों से मैं अनुरोध करता हूं कि इस बिल को पास किया जाए, बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the question is that the Central Universities (Amendment) Bill, 2019 as passed by Lok Sabha be taken into consideration. ...*(Interruptions)*...

DR. K. KESHAVA RAO: Sir, I am asking him a question. ...*(Interruptions)*...I am not criticising. ...*(Interruptions)*... We support the Bill with full heart. Mr. Minister, you have brought the Bill when there is already a University, please understand this. The Andhra Central University is functioning for the last two years. This Bill has come today. We thought last time you could not do it in the Lok Sabha, you have done it now. There has to be one clause in this Bill saying that it will have retrospective effect. Otherwise, the students would not get the degrees. That is what I am asking.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Keshava Rao*ji*. Now, the question is... ...*(Interruptions)*...

DR. K. KESHAVA RAO: Sir, will the Minister not respond? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the question is:

"That the Bill further to amend the Central Universities Act, 2009, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up Clause-by-Clause consideration of the Bill. In Clause 2, there are two Amendments (Nos. 1 and 2) by Dr. T. Subbarami Reddy.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, before I consider my decision to move my Amendments, I just wish to say that through my Amendments, I seek to enlarge the scope of University by including research and innovative technology facilities for the tribal and primitive tribal population of India. This is just to bring to the notice of the Minister. I am not moving my Amendments.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Subbarami Reddy*ji*. Amendments not moved.

Clause 2 was added to the Bill.

Clauses 3 and 4 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Minister to move that the Bill be passed.

श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक': महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

कि विधेयक को पारित किया जाए।

The question was put and the motion was adopted.